प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 07.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

........................

- पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत राजस्थान में सबसे अधिक 887 किलोमीटर लम्बाई के हाई स्पीड कॉरिडोर शुरू हुए।
- विधान सभा में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बाद राज्य सरकार की ओर से उत्तर दिया जायेगा।
- भारतीय रिजर्व बैंक, मौद्रिक नीति समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों की आज घोषणा करेगा।
- जयपुर में आज से भारतीय पक्षी मेले की शुरूआत।

........................

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अंतर्गत देश में दो हजार चार सौ किलोमीटर से अधिक लंबाई के आठ राष्ट्रीय हाई स्पीड कॉरिडोर शुरू हो चुके हैं। लोकसभा में एक लिखित उत्तर में श्री गडकरी ने कहा कि इनमें राजस्थान में सबसे अधिक आठ सौ 87 किलोमीटर हाई स्पीड कॉरिडोर चालू हुए है। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश में परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

........................

विधानसभा में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बाद राज्य सरकार की ओर से उत्तर दिया जायेगा। इसके अलावा उप मुख्यमंत्री तथा वित्तमंत्री दीया कुमारी नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के प्रतिवेदन वित्त लेखे 2023–24 सदन की पटल पर रखेगी। इसके साथ ही वित्त विभाग की 6 अधिसूचनाएं प्रस्तुत की जायेगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर गृह विभाग की सात, पंचायती राज राज्य मंत्री आपदा प्रबंधन सहायता और नागरिक सुरक्षा विभाग की चार अधिसूचनाएं सदन के पटल पर रखेंगे। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय और राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पेश करेंगे। इससे पहले कल विधानसभा में नए जिलों को निरस्त करने के मुद्दे पर चर्चा हुई। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने शून्यकाल के दौरान हुई चर्चा में कहा कि जिले बनाने या समाप्त करने का राज्य सरकार को पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और दूरगामी सोच के साथ ही नए जिलों को समाप्त करने का निर्णय लिया है।

........................

विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल सदन में व्यवस्था देते हुये कहा कि प्रश्न काल में विधायकों के प्रश्न और राज्य सरकार से प्राप्त जवाब, सदन के पटल पर आने के बाद सभी के संज्ञान में आना माने जाते है। ऐसी स्थिति में प्रश्नों और उनके जवाबों को पढ़ने की आवश्यकता नहीं है। श्री देवनानी ने कहा कि विधायक उस प्रश्न से संबंधित पूरक प्रश्न पूछ सकते हैं। इस पर संबंधित मंत्री जवाब देंगे। श्री देवनानी ने कहा कि उन्होंने राज्य सभा, लोक सभा सदस्य और सचिवालय तथा अन्य राज्यों के विधानसभा सचिवालयों से इस संबंध में जानकारी ले ली है। वहां भी पटल पर रखें जाने वाले प्रश्न और उनके जवाबों को बोला नहीं जाता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राजस्थान विधानसभा में भी अब यहीं व्यवस्था रहेगी। इससे सदन के महत्वपूर्ण समय के प्रत्येक पल का अधिक सदुपयोग होगा।

........................

बारां में आयुर्वेद विभाग की ओर से संभाग स्तरीय आयुर्वेद महोत्सव और आरोग्य मेला आज से लगाया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि 10 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में लोगों को निशुल्क चिकित्सा परामर्श, इलाज तथा औषधियों का वितरण किया जाएगा।

........................

भारतीय रिजर्व बैंक अपनी मौद्रिक नीति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय की आज घोषणा करेगा। लगभग पांच वर्षों के अंतराल के बाद ब्याज दर में 25 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद की जा रही है। बैंक के नये गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अपनी मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक की अध्यक्षता की। वे आज छह सदस्यीय पैनल के निर्णय की घोषणा करेंगे।

........................

नीति आयोग के पर्यवेक्षण दल ने कल जैसलमेर के आकांक्षी ब्लॉक फतेहगढ़ में ब्लॉक समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। दल ने फील्ड विजिट कार्यक्रम के तहत राजीविका के सी.एल.एफ भेसडा की महिलाओं से संवाद कर विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने सी.एल. एफ के अंतर्गत आने वाले ग्राम संगठन और समूहों की ओर से चलाई जा रही आजीविका गतिविधियों के बारे में भी जाना।

........................

भीलवाड़ा महोत्सव आज से शुरू हो रहा है। तीन दिन के इस महोत्सव की थीम **अटूट धागे संस्कृति** रखी गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि महोत्सव के दौरान राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति, पारम्परिक वेशभूषा और नृत्य संगीत के विविध रंग देखने को मिलेंगे।

........................

महोत्सव में आज होने वाली शोभायात्रा को जिला कलेक्टर ने स्थगित कर दिया है। कल जयपुर के पास हुए सड़क हादसे के सभी मृतक आठ युवा भीलवाडा जिले के रहने वाले थे। इसी को देखते हुए शोभायात्रा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

........................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जयपुर–अजमेर हाइवे पर कल मोखमपुरा क्षेत्र में हुए सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों के परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि घायलों के जल्द उपचार के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है।

........................

जयपुर में आज से 28 वें **भारतीय पक्षी मेले** की शुरूआत हो रही है। ये मेला जलमहल पर मानसागर झील के किनारे आयोजित किया जा रहा है। दो दिन चलने वाले इस मेले में पक्षी विशेषज्ञ दूरबीन और टेलीस्कॉप के जरिए विभिन्न प्रजातियों के पक्षी दिखाएंगे और उनके सरंक्षण के बारे में बताएंगे।

........................

और अब समाचार महाकुंभ से –

पाकिस्तान के सिंध प्रांत के 68 हिन्दू श्रद्धालुओं के दल ने कल संगम में पवित्र डुबकी लगाई। उत्तर प्रदेश के सूचना विभाग ने बताया कि श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम पर धार्मिक अनुष्ठान किए तथा विभिन्न शिविरों में धार्मिक गुरुओं से मुलाकात की। श्रद्धालुओं ने महाकुंभ के आयोजन की सराहना की और आशा व्यक्त की है कि आगे भी भारत सरकार पाकिस्तान के श्रद्धालुओं को वीजा देती रहेगी। उधर महाकुंभ में क्रीड़ा भारती की ओर से खेल महाकुंभ संवाद संगम आयोजित किया जा रहा है। इसमें कल से जोधपुर के खिलाडी भी भाग लेंगे।

........................